भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या: 2928
गुरुवार, 12 दिसंबर, 2024/21 अग्रहायण, 1946 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

ग्वालियर में नया विमानपत्तन टर्मिनल

2928. श्री भारत सिंह कुशवाहः

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) मध्य प्रदेश में नए विमानपत्तन टर्मिनल और पुराने विमानपत्तन टर्मिनल के पुनर्निर्माण/मरम्मत हेतु चल रहे कार्यों की संख्या कितनी है और इनका ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या ग्वालियर के नए विमानपत्तन टर्मिनल की क्षमता का उपयोग करने के लिए मौजूदा चार शहरों में हवाई संपर्क बढ़ाने का कोई प्रस्ताव प्रशासनिक स्तर पर विचाराधीन है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) ग्वालियर से पुणे, सूरत, हैदराबाद और इंदौर के बीच नियमित हवाई संपर्क कब तक शुरू किए जाने की संभावना है?

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क) मध्य प्रदेश राज्य में 'उड़ान' योजना के अंतर्गत विकास के लिए ग्वालियर, रीवा, दतिया, पचमढ़ी, गुना और शिवपुरी हवाईअड्डों की पहचान की गई है। इनमें से ग्वालियर और रीवा हवाईअड्डे पर परिचालन शुरू हो चुका है। ग्वालियर हवाईअड्डे पर 426.22 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित नए टर्मिनल भवन और नए एप्रन का प्रचालन दिनांक 08.08.2024 को शुरू हो गया है। दतिया हवाईअड्डे का विकास कार्य पूरा हो चुका है और इसके लिए लाइसेंसिंग प्रक्रिया चल रही है। पचमढ़ी हवाईअड्डे का विकास कार्य पर्यावरण क्लियरेंस के कारण रुका हुआ है। इसके अलावा, गुना और शिवपुरी हवाईअड्डे योजना चरण में हैं।

(ख) और (ग) मध्य प्रदेश राज्य में एएआई हवाईअड्डों से वर्तमान हवाई संपर्क का ब्यौरा अनुलग्नक के रूप में संलग्न है। इसके अलावा, मार्च 1994 में वायु निगम अधिनियम को निरस्त करने के साथ ही भारतीय घरेलू विमानन को विनियमन मुक्त कर दिया गया। इसलिए, यह एयरलाइनों पर निर्भर है कि वे यातायात की मांग और वाणिज्यिक व्यवहार्यता के आधार पर विशिष्ट स्थानों पर हवाई सेवाएं प्रदान करें, बशर्ते कि इस संबंध में मौजूदा दिशानिर्देशों का अनुपालन किया जाए।

******

अनुलग्नक

मध्य प्रदेश राज्य में एएआई हवाईअड्डों की हवाई संपर्कता

हवाईअड्डे	एयरलाइनों के नाम	जुड़े हुए शहर	साप्ताहिक संचलन (आगमन+प्रस्थान)
भोपाल	इंडिगो, एअर इंडिया, फ्लाईबिग	अहमदाबाद, बैंगलोर, मुंबई, दिल्ली, गोवा, शमशाबाद, जयपुर, लखनऊ, पुणे, रायपुर, उदयपुर, रीवा	256
ग्वालियर	इंडिगो, एअर इंडिया एक्सप्रेस, अकासा	मुंबई, दिल्ली, बैंगलोर, अहमदाबाद	72
इंदौर	इंडिगो, एलाइंस एअर, एअर इंडिया, एअर इंडिया एक्सप्रेस	अहमदाबाद, बैंगलोर, मुंबई, कोलकाता, दिल्ली, गोवा, शमशाबाद, नासिक, चंडीगढ़, जम्मू, जयपुर, जोधपुर, जबलपुर, लखनऊ, चेन्नई, नागपुर, पुणे, रायपुर, शिरडी, उदयपुर, दुबई, शारजाह	610
जबलपुर	इंडिगो, एलाइंस एअर	बैंगलोर, मुंबई, दिल्ली, शमशाबाद, इंदौर, जगदलपुर, बिलासपुर	76
खजुराहो	इंडिगो, स्पाइसजेट, फ्लाईबिग	दिल्ली, वाराणसी, रीवा	52
रीवा	फ्लाईबिग	भोपाल, खजुराहो, लखनऊ	20